अध्ययन राजीव गांधी इंस्टीट्यूट ऑफ कंटेम्परेरी स्टडीज की रिपोर्ट में दावा

पांच करोड़ रोजगार के लिए चाहिए हर साल पांच लाख करोड़ रुपये का निवेश

अमर उजाला ब्यूरो

लखनऊ। प्रदेश की दस खरब डालर अर्थव्यवस्था के लिए दस करोड़ रोजगार पैदा करने होंगे। यूपी माइक्रो फाइनेंस एसोसिएशन द्वारा राजीव गांधी इंस्टीट्यूट ऑफ कंटेम्परेरी स्टडीज की रिपोर्ट के मुताबिक जल, जंगल, जमीन, जंतु और जलवायु में एक लाख करोड़ रुपये, स्वास्थ्य व शिक्षा, वैकल्पिक ऊर्जा, हाउसिंग, कृषि, सिंचाई, जल प्रबंधन आदि में अलग-अलग सालाना पांच लाख करोड़ रुपये की जरूरत होगी।

रिपोर्ट में कहा गया है कि यूपी सरकार ने 10 करोड़ लोगों को रोजगार देने का लक्ष्य रखा है। फिलहाल पांच साल में पांच करोड़ लोगों को रोजगार दिया जाना है। दस खरब डालर अर्थव्यवस्था का लक्ष्य भी महत्वाकांक्षी है क्योंकि वर्तमान में प्रदेश की अर्थव्यवस्था का आकार लगभग 2.5 से 3 खरब डालर का है। रिपोर्ट के मुताबिक यूपी की रफ्तार काफी तेज है लेकिन समय के अंदर लक्ष्य हासिल करने के लिए इसे करीब दोगुना करना होगा। इसके लिए प्रत्येक सेक्टर में निवेश के साथ उसे धरातल पर उतारने के लिए विशेष रणनीति बनानी पड़ेगी।

इसमें कहा गया है कि महिलाओं खासतौर पर ग्रामीण क्षेत्र की महिलाओं को रोजगार से तेजी से जोड़ना होगा। बाजार की मांग के मुताबिक कौशल से लैस युवा तैयार करने होंगे।

प्रदेश सरकार ने इन लक्ष्यों को ध्यान में रखते हुए 3.30 लाख करोड़ रुपये के सालाना निवेश को हासिल कर लिया है। शेष 1.70 लाख करोड़ रुपये के लिए तेजी से काम हो रहा है।

निवेश सेक्टर	सालाना बजट	रोजगार सृजन
जल-जंगल, जमीन, जीव व जलवायु	एक लाख करोड़ रुपये	80 लाख
स्वास्थ्य, शिक्षा और कौशल	50 हजार करोड़ रुपये	40 लाख
खनन और वैकल्पिक ऊर्जा	50 हजार करोड़ रुपये	40 लाख
हाउसिंग व लोकल इंफ्रा	50 हजार करोड़ रुपये	40 लाख
स्वयं सहायता समूह व कोआपरेटिव	50 हजार करोड़ रुपये	40 लाख
सामाजिक सुरक्षा जैसे पेंशन आदि	50 हजार करोड़ रुपये	40 लाख
किसानों को बैंक लोन	50 हजार करोड़ रुपये	40 लाख
एमएसएमई को बैंक लोन	50 हजार करोड़ रुपये	40 लाख
जल और सीवर प्रबंधन	25 हजार करोड़ रुपये	40 लाख
सिंचाई और खाद्य प्रबंधन	25 हजार करोड़ रुपये	40 लाख
कृषि व सहायक सेवाएं	50 हजार करोड़ रुपये	80 लाख
सामाजिक सौहार्द व सुरक्षा	30 हजार करोड़ रुपये	20 लाख

माइक्रोफाइनेंस एसोसिएशन ऑफ उप्र ने जारी की रिपोर्ट